Training & Placement Cell
Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date : 27th January, 2024

Job opportunities for B. E. Civil and Mechanical Students

MP-PSC • 229 पदों के लिए 6662 अभ्यर्थियों का चयन, जनरल के लिए कटऑफ 162

राज्य सेवा प्री परीक्षा का रिजल्ट घोषित, 7 प्रश्नों के दो-दो जवाब मान्य किए, एक प्रश्न डिलीट

मुख्य भाग में 5589 और प्राविधिक भाग में 1073 का चयन हुआ

भास्कर संवाददाता | इंदौर

एमपीपीएससी ने राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 का रिजल्ट एक माह में घोषित कर दिया। इस बार भी परिणाम दो भागों 87-13 के फॉर्मूले के तहत घोषित किया है। ओबीसी आरक्षण मामला कोर्ट में लंबित होने से पीएससी सारे रिजल्ट इसी तरह जारी कर रहा। मुख्य परीक्षा के लिए 6662 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। इस बार पद कम होने से कट ऑफ हाई रहा। फिलहाल अभ्यर्थियों का स्कोर कार्ड जारी नहीं किया गया।

मुख्य भाग के 87% पदों के लिए 20 गुना यानी 5589 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। प्राविधिक भाग के 13% पदों के लिए 20 गुना यानी 1073 अभ्यर्थी चयनित हुए। ये सभी अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। यह परीक्षा 17 दिसंबर को पूरे प्रदेश में 50 से ज्यादा जिलों में हुई थी। इसमें 2 लाख 31 हजार अभ्यर्थियों को शामिल होना था, लेकिन 73 फीसदी उपस्थिति रही। परीक्षा में कुल 229 पद हैं। मुख्य परीक्षा 11 से 16 मार्च तक होगी।

मुख्य भाग के 87% पदों के लिए इस प्रकार रहा कट ऑफ

जनरल कैटेगरी		एससी कैटेगरी		एसटी कैटेगरी		ओबीसी कैटेगरी		ईडब्ल्यूएस कैटेगरी	
ओपन	162	ओपन	150	ओपन	142	ओपन	158	ओपन	158
फीमेल	162	फीमेल	150	फीमेल	142	फीमेल	158	फीमेल	156

प्राविधिक भाग के 13% पदों के लिए ये रहा कट ऑफ

जनरल कैटेगरी		ओबीसी	
ओपन	158	ओपन	156
फीमेल	158	फीमेल	156

राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2022 का परिणाम जल्द

इधर, पीएससी की 13 जनवरी को खत्म हुई राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2022 का परिणाम फरवरी में आने की उम्मीद है। साढ़े 13 हजार अभ्यर्थियों ने मुख्य परीक्षा दी है। 87 प्रतिशत फॉर्मूले में 405 पद हैं। 13 फीसदी फॉर्मूले के तहत कुल 52 पद हैं।

राज्य सेवा प्री एग्जाम 2024 के आवेदन आज से

इधर,पीएससी की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन 19 जनवरी से शुरू होंगे। यह महीनेभर चलेंगे। एग्जाम 28 अप्रैल को है। हालांकि इस साल पीएससी की कई एग्जाम होना हैं। इसमें कराधान सहायक परीक्षा 2022 अगले माह 25 फरवरी से होगी। 8 विषयों की सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2022 और ग्रंथपाल व क्रीड़ा अधिकारी परीक्षा 3 मार्च को होगी। सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2022, जो नौ विषय के लिए होना है, वह 2 जून को होगी। सहायक संचालक ग्राम उद्योग हथकरघा 2023, 16 जून और राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2024, 22 से 27 जुलाई तक आयोजित होगी।

ऐसा पहली बार : सुबह फाइनल आंसर की, दोपहर में ही रिजल्ट

खास बात यह है कि पीएससी ने सुबह फाइनल आंसर की अपलोड की थी। दोपहर में रिजल्ट भी जारी कर दिया। ऐसा संभवतः पहली बार हुआ है।

पीएससी ने लगाई कैविएट : पीएससी ने कोर्ट में कैविएट भी लगा दी है, ताकि कोई भी अभ्यर्थी कोर्ट पहुंचे तो किसी भी तरह के स्टे से पहले पीएससी का पक्ष सुना जाए।

7 प्रश्नों के 2 जवाब मान्य किए, एक प्रश्न डिलीट : परीक्षा के रिजल्ट में पीएससी ने 7 प्रश्नों के 2-2 जवाबों को मान्य किया है। एक प्रश्न डिलीट किया है। इसमें सभी को समान अंक मिले हैं। यही वजह है कि इस बार जनरल कैटेगरी का कटऑफ 162 पर पहुंच गया।

ANIL MISHRA
(Training & Placement Officer)